# नौसेना अभ्यास काकाडू

**रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना** द्वारा आयोजित एक **बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास काकाडू** में भाग लेने के लिये भारत के **INS सतपुड़ा** और **P-8I समुद्री गश्ती विमान** **ऑस्ट्रेलिया** के डार्विन पहुँच गए हैं।




## नौसेना अभ्यास काकाडू:

- **परिचय:**
  - अभ्यास काकाडू एक **संयुक्त-सक्षम, द्विवार्षिक अभ्यास** है जो **रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना** द्वारा आयोजित किया जाता है तथा यह **रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना** द्वारा समर्थित है।
  - काकाडू नौसेना का प्रमुख **समुद्री अभ्यास** है, जो समुद्री और हवाई क्षेत्रों में राष्ट्रों के बीच अंतर-संचालन क्षमता विकसित करने के साथ ही **समुद्री सुरक्षा एवं निगरानी के लिये प्रशिक्षण के अवसर** प्रदान करता है।
  - इसकी शुरुआत **वर्ष 1993** में हुई थी।
- **नौसेना अभ्यास काकाडू-2022:**
  - यह **दो सप्ताह तक चलने वाला अभ्यास** है, जो बंदरगाह और समुद्र दोनों क्षेत्रों में आयोजित किया जाता है, जिसमें**14 नौसेनाओं के जहाज़ और समुद्री विमान** शामिल होते हैं।
  - **भागीदारी:** इसमें लगभग **19 जहाज़ों, 34 विमानों और 25 देशों के 3000 से अधिक कर्मियों** के शामिल होने की संभावना है।
  - **थीम: साझेदारी, नेतृत्व, दोस्ती।**
  - **महत्त्व:** नौसेना की सबसे महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता गतिविधि के रूप में भाग लेने वाले देशों के बीच संबंधों के निर्माण के लिये अभ्यास काकाडू महत्त्वपूर्ण है।
    - यह अभ्यास क्षेत्रीय भागीदारों को संयुक्त रूप से **कांस्टेबुलरी ऑपरेशन से लेकर उच्च समुद्री क्षेत्र में युद्ध जैसी** बहुराष्ट्रीय समुद्री गतिविधियों को संचालित करने का अवसर प्रदान करता है।

## ऑस्ट्रेलिया के साथ अन्य सैन्य अभ्यास

- **बहुपक्षीय अभ्यास:**
  - मालाबार
  - अभ्यास पचि ब्लैक 22
- **द्वपिक्षीय अभ्यास:** ऑसइंडेक्स (Ausindex)

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/naval-exercise-kakadu